# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
## परीक्षा विभाग

क्रमांक :एफ./वमखुवि/परीक्षा/2026/3636 दिनांक : 28.7.2026

### कार्यालय आदेश

विद्यार्थियों के लिये आन्तरिक गृहकार्य जमा एवं मूल्यांकन हेतु परीक्षा विभाग के कार्यालय आदेश कमांक 2270 दिनांक 05.02.2026 के कम में जिन विद्यार्थियों ने 14 मार्च 2026 तक अपने आन्तरिक गृहकार्य जमा करवा दिये थे किन्तु सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों के प्राप्तांक समय पर मूल्यांकन पश्चात परीक्षा विभाग को नहीं भिजवाए गये है, ऐसे विद्यार्थियों के प्रकरणों में आन्तरिक मूल्यांकन के अंक सम्बन्धित सैद्धान्तिक परीक्षा जिसमें विद्यार्थी ने उक्त प्रश्नपत्र को उत्तीर्ण किया हो, उस परीक्षा में ही इन्द्राज कर परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा ।

ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 15 मार्च या उसके बाद आन्तरिक मूल्यांकन जमा किया हो उसके प्राप्तांकों को आगामी जून परीक्षा के परीक्षा परिणाम के साथ जोड़कर परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा। यदि किसी विद्यार्थी का परींक्षा परिणाम केवल आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों के अभाव में अपूर्ण है और वह आन्तरिक मूल्यांकन के अंक परीक्षा विभाग को प्राप्त हो चुके हैं और विद्यार्थी गोपनीय परीक्षा परिणाम चाहता है तो उससे परीक्षा विभाग के कार्यालय आदेश कमांक 4628 दिनांक 02.09.2024 के अनुसार रूपये 1000/– प्रति आन्तरिक गृहकार्य शुल्क लेकर गोपनीय परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा ।

यदि विद्यार्थी द्वारा अपने कार्यकम की अधिकतम अवधि समाप्त होने के पश्चात आन्तरिक गृहकार्य में औसत अंक प्रदान करने के लिए निर्धारित शुल्क सहित आवेदन किया जाता है तो उसके द्वारा प्रस्तुत आवेदन का दिनांक अनुरूप जिस आगामी सत्रांत परीक्षा में परीक्षा विभाग के कार्यालय आदेश कमांक 2270 दिनांक 05.02.2026 अनुसार सम्मिलित किया जाकर परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा।

कार्यालय आदेश कमांक 2270 दिनांक 05.02.2026 के कम में यही व्यवस्था जून 2026, दिसम्बर 2026 व आगामी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिये भी लागू रहेगी ।

उक्त व्यवस्था आदरणीय कुलगुरू महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 8(18) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुमोदन किया गया है।

Sd-
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

01. सचिव, कुलगुरू, वमखुवि, कोटा
02. निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं, वमखुवि, कोटा
03. कुलसचिव, वमखुवि, कोटा को प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि इस आदेश को आगामी विद्या परिषद में रिपोर्टिंग आईटम के रूप में प्रस्तुत करवाने का श्रम करावें।
04. नियंत्रक, वित्त, वमखुवि, कोटा
05. समस्त क्षेत्रीय केन्द्र, वमखुवि
06. प्रभारी, ईएमपीसी, वमखुवि, कोटा को प्रति प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर इस आदेश को अपलोड करवाने का श्रम करावें।

सहायक कुलसचिव